राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Phone: 0141-2706847 (O);

Date: 12 April, 2019

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/2019/ ...714.....

सहायक निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर/अजमेर/कोटा/भरतपुर/जोधपुर/बीकानेर/उदयपुर,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।

विषयः– राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न योजनाओं के कियान्वयन एवं महाविद्यालयों की समस्याओं का निस्तारण करवाने हेतु महाबिद्यालयों के साथ सतत संवाद स्थापित करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत सभी क्षेत्रीय सहायक निदेशकों को निर्देशित किया जाता है की वो अपने क्षेत्र में स्थित राजकीय महाविद्यालयों से नियमित संपर्क रखते हुए आयुक्तालय द्वारा विद्यार्थी हित/संस्था विकास/संकाय सदस्य दक्षता/सामाजिक विकास सरोकार केन्द्रित विभिन्न योजनाओं का कियान्वयन करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही, महाविद्यालयों की विभिन्न समस्याओं यथा **DDO Power**, नवसृजित महाविद्यालयों में भूमि एवं भवन संबंधी कार्य तथा माह जून में नये सत्र 2019–20 के लिये प्रवेश कार्य हेतु महाविद्यालय स्तर पर तैयारियों के संबंध में महाविद्यालयों से संवाद करें एवं यदि किसी समस्या का समाधान आयुक्तालय कालेज शिक्षा के स्तर से अपेक्षित हो तो समय रहते उसकी सूचना महाविद्यालय द्वारा आयुक्तालय को प्रेषित करवाया जाना सुनिश्चित करावें। ऐसे कार्यों की प्रगति के लिये आयुक्तालय के संबंधित प्रकोष्ठ से भी नियमित सम्पर्क में रहें।

इस क्रम में सभी सहायक निदेशकों से यह अपेक्षा है कि संबंधित महाविद्यालयों की समस्याओं के समाधान एवं विभिन्न योजनाओं की क्रियान्विति/तैयारियों के संबंध में अद्यतन स्थित से अवगत रहते हुये उसका रिकॉर्ड रखें ताकि महाविद्यालयों के कुशल प्रबंधन एवं विकास में आप सभी महत्वपूर्ण भमिका का निर्वाहन कर सकें।

(प्रदीप कुमार बोरड IAS)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव ,उच्च शिक्षा,राजस्थान, जयपुर।

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/2019/ ...714......Date: 12 April,

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर।
2. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. प्रभरी नवाचार प्रकोष्ठ, आकाशि, जयपुर को मॉनिटरिंग करने हेतु।
5. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

त्रिभुवनपति, RAS
अतिरिक्त आयुक्त